अमर उजाला 26/01/2025

हर घर परिवार में सूर्य नमस्कार अभियान

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में एनसीसी, एनएसएस और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हर घर परिवार-सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन किया। हरियाणा योग आयोग की ओर से संचालित अभियान के तहत पांचवें दिन की सूर्य नमस्कार की गतिविधि करवाई गई। इस अभियान का उद्देश्य योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। यह अभियान 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से 12 फरवरी महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन बृजेश कुमार, खेल विभाग के अध्यक्ष और संयोजक की ओर से किया। संवाद